प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.09.2024/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे

आयुष्मान भारत

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज देने को मंजूरी दे दी है। तीन हज़ार 437 करोड़ रुपये की इस योजना में आय संबंधी कोई सीमा नहीं रखी गई है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इससे वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपये तक के निशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके दायरे में देश के लगभग साढ़े चार करोड़ परिवार आएंगे और लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा।

संजय अवस्थी

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने छात्राओं से खेलों में भाग लेने के साथ–साथ विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में सफलता के लिए ज्ञान अर्जन को लेकर निरंतर प्रयासरत रहने का आहवान किया है। अर्की विधानसभा क्षेत्र की राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुनिहार में जिला स्तरीय छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षण संस्थानों को चरणबद्व आधार पर उत्कृष्ठ संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। इस चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में 71 विद्यालयों की 726 छात्राएं भाग ले रही हैं।

बिहारी लाल

प्रदेश भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने संजौली में पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों पर किए गए लाठीचार्ज की निंदा की है। एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार तनावपूर्ण परिस्थिति को संभालने में असफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार एक विशेष एजेंडे को लेकर काम कर रही है, जिसका भाजपा विरोध जारी रखेगी। इस बीच संजौली में हुए लाठीचार्ज के विरोध में शिमला व्यापार मंडल ने आज दोपहर तक बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है। उधर, शिमला पुलिस ने संजौली में धारा–163 के लागू होने के बावजूद हुए प्रदर्शन को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। बीती रात कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज और कल मैदानी व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटों के दौरान कुल्लू, शिमला, किन्नौर और सिरमौर जिलों में बाढ़ की चेतावनी देते हुए लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। आगामी 17 सितंबर तक मौसम के खराब रहने के आसार हैं।

<u>जागरूकता अभियान</u>

एचआईवी एड्स जागरूकता व स्वास्थ जांच के दृष्टिगत करसोग में व्यापक स्तर पर जागरूकता व एकीकृत स्वास्थ जांच अभियान चलाया जा रहा है। 12 अगस्त से शुरू हुआ यह अभियान 12 अक्टूबर तक चलेगा। राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी के दिशा निर्देश में संचालित किए जा रहे इस अभियान के दौरान आई.सी.टी.सी परामर्शदाता व स्वास्थ्य कार्यकर्ता गांव–गांव में पहुंच कर लोगों को जागरूक कर रहे है।

<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से........</u>

आज समाचार पत्रों ने संजौली मस्जिद विवाद मामले में हुए प्रदर्शन से जुड़ी खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–**हिंदू संगठनों का उग्र प्रदर्शन, पुलिस ने बरसाई लाठियां, छोड़ा पानी की बोछारें, 12 लोग घायल।** पंजाब केसरी के शब्द हैं–**संजौली में अवैध मस्जिद के विरोध में उग्र प्रदर्शन, पुलिस ने भांजी लाठियां।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–**संजौली में प्रदर्शनकारियों ने तोड़ी धारा–163, झड़प में दो पुलिसकर्मियों सहित दस घायल।** दैनिक जागरण का शीर्षक है–**झड़प में पांच पुलिसकर्मी व आठ प्रदर्शनकारी घायल, आईजीएमसी में भर्ती।** दैनिक भास्कर का कहना है–**10 फीट उंचे बैरिकेड को लांघकर पहुंचे प्रदर्शनकारी, पुलिस को करना पड़ा बल प्रयोग।** हिमाचल दस्तक के मुताबिक–**सुबह साढ़े 11 से शाम चार बजे तक तनावपूर्ण रहा माहौल।** दैनिक सवेरा टाइम्स ने सांसद अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखा है–**शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर बल प्रयोग कांग्रेस का तानाशाही रवैया।**